# कलेक्टर को किसानों ने अतिक्रमण, पेयजल की समस्या बताई

- जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में नगरफोर्ट तहसील की ग्राम पंचायत फुलेता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ।
- जनसुनवाई में कलेक्टर ने ग्रामीणों को किसान गिरदावरी योजना के विषय में बताया

**टोंक** । जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को नगरफोर्ट तहसील की ग्राम पंचायत फुलेता में रात्रि चौपाल का आयोजन हुआ। जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों को किसान गिरदावरी योजना के विषय में बताया। किसानों को स्वंय ही ऑनलाइन गिरदावरी करने के लिए जागरुक किया जिससे किसानों को समय पर फसल नुकसान का लाभ मिल सकें। सभी किसानों को फार्मर आईडी बनाने के लिए प्रेरित किया एवं इसकी उपयोगिता के विषय में बताया।

रात्रि चौपाल में फुलेता को जोडने वाले सडक मार्गो की मरम्मत,पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई, अतिक्रमण जैसी समस्याएं सामने आई। जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियो को समयबद्ध सीमा में समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने ककोड से नगर, फुलेता से बुहारिया रोड पर जगह-जगह गड्डे एवं डामरीकरण नही होने की शिकायत की। बीसलपुर के पानी की सप्लाई आपूर्ति पूरे गांव में व्यवस्थित तरीके से नही होने के विषय में बताया एवं बीसलपुर नहर की मांग की। रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण करवाये जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। जनसुनवाई के समय उपखंड अधिकारी देवली रुबी अंसार, तहसीलदार नगर रामधन मीना, भू-अभिलेख निरीक्षक मनीष मीना, पटवारी दीपक बैरवा, सरपंच सरिता देवी समेत जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।



टोंक जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने नगरफोर्ट तहसील की ग्राम पंचायत फुलेता में रात्रि चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनी ।

## संक्षिप्त

### मणियार का स्वागत

**मनोहरपूर** । शाहपुरा से सऊदी अरब में मक्का मदीना में अपने परिवार के साथ में उमराह पर जा रहे मोहम्मद रफ़ीक़ मणियार ने उनका स्वागत करने के लिए आए हुए पत्रकार साथियों का तहदिल से स्वागत करते हुए आभार जताया। इस अवसर पर पत्रकार विजय कुमार ताम्बी पत्रकार जाफ़र लोहानी मजदूर नेता अब्दुल अज़ीज़ लोहानी मोहसिन खान आदि का स्वागत किया गया वनस्थली न्यूज अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार और सामाजिक न्याय संगठन ने बाबू अंसारी को राजस्थान का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. नीरज सिंह के द्वारा की गई। डॉ. नीरज सिंह ने कहा कि बाबू अंसारी का सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में लंबा अनुभव संगठन की गतिविधियों को नई दिशा देगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अंसारी संगठन की नीतियों और अभियानों को मजबूती से आगे बढ़ाएंगे। वहीं, नव नियुक्त मीडिया प्रभारी बाबू अंसारी ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे तथा मानवाधिकार और सामाजिक न्याय के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। संगठन के पदाधिकारियों ने भी इस नियुक्ति को महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि बाबू अंसारी के जुड़ने से संगठन को राजस्थान में नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी।

### खेल मैदान निर्माण की मांग

**बौंली -बामनवास** । क्षेत्र की बरनाला तहसील के ग्राम पंचायत मुख्यालय बिछोछ गांव में खेल मैदान निर्माण को लेकर युवा नेता राजकमल मीणा ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जयपुर उनके निवास सिविल लाइंस में भेंटकर एक मांग पत्र सौंपा मांग पत्र में अंकित किया गया है कि ठाम पंचायत मुख्यालय बिछोछ में खेल मैदान बनने से आसपास के करीब सात, आठ गांवों के युवाओं को पूर्ण फायदा मिलेगा एवं वह रोज खेलने का अभ्यास कर उच्च स्तर तक खेलने का मौका मिलेगा क्षेत्र में सरकारी जमीन पर्याप्त मात्रा में है लेकिन भूमाफियाओं ने कब्जा कर के खेती कर रखी है राजकमल मीणा ने बताया कि वार्तालाप के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मोबाइल पर क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा से मौके पर ही चर्चा कर इस कार्य को शुरू करवाने में सहयोग करने का निर्देश दिया हैं ।

### इम्तियाज खान अध्यक्ष बने

**टोंक।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशन में टोक निवासी इम्तियाज खान को कांग्रेस जिला खेल प्रकोष्ठ अध्यक्ष किया गया गया है। जिसके बाद इम्तियाज खान ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वार दिये गये आदेश पर व कांग्रेस पार्टी के हित में लगातार कार्य करेंगे तथा कांग्रेस विचारधार को आगे बढायेंगे।

### खो-खो में सिविल टीम जीती

**दौसा।** राजेश पायलट राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, दौसा में बुधवार को खेल महोत्सव "पराक्रम -2026" के तहत खो-खो प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छः टीमों ने भाग लिया। प्राचार्य अशोक कुमार शर्मा ने टीमों की हौसला हफजाई की। फाइनल मुकाबला सिविल व टीम यांत्रिकी शाखा के मध्य खेला गया। जिसमें टीम सिविल ने यांत्रिकी शाखा को हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता को शारीरिक प्रशिक्षिक अधिकारी महेश चन्द मीना, राजेश कुमार मीना प्रवक्ता व कैलाश चन्द मीना विभागाध्यक्ष ने प्रतियोगिता कराई। खेल महोत्सव के दौरान डॉ रेणु भूतडा, कौशल कुमार मीना, अनिल शर्मा, प्यार सिंह जाटव, जितेश खण्डेलवाल एवं संस्थान के समस्त अधिकारी, कर्मचारियों, एवं विद्यार्थियों ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

### किशोर गृह का निरीक्षण

**दौसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा के सचिव एवं अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संतोष अठावाल ने बुधवार को राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह, दौसा एवं दत्तक ठाहण एजेंसी दौसा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय सम्प्रेषण गृह में विधि से संघर्षरत एवं देखरेख एवं संरक्षण की जरूरतमंद बालकों से वार्ता कर प्रदान की जाने वाली भोजन, आहार, चिकित्सा व्यवस्था, स्वच्छता, साफ-सफाई, कपडे, बिस्तर, आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

## पहला रोज़ा आज

**मनोहरपूर** । सऊदी अरब में चांद दिखने के दूसरे दिन भारत में चाँद दिखने पर मुसलमान में खुशी की लहर दौड गई हैं । चांद के साथ लोगों ने सेल्फी व फोटो ली। उसके बाद इसकी सूचना अपने चाहने वालों को दी और दुआएं ली ।

इसी के साथ में रोजा रखने वाले लोगों की किराने की दुकानों पर भीड़ दिखाई दी वहां पर फिरनी सेवइयां दूध बिस्किट ठोस दही छाछ डबल रोटी आदि खरीदी गई । इसी प्रकार अन्य दुकान से टोपी मिस्वाक तस्वीह इत्र लौटा आदि खरीदा गया । इधर मस्जिदों में 20 रकात तरावीह यानी (विशेष नमाज) शुरू हो गई जो की पूरे रमजान तक चलेगी । डॉक्टर रिजवान अहमद ने बताया की 19 फरवरी 2026 को प्रथम रोजा है इसकी सेहरी खत्म होने का समय प्रात:काल 5:36 पर होगा और सांयकाल 6:26 बजे अजान लगने के बाद में रोजा खोला जाएगा यह प्रथम रोजा लगभग 12 घण्टे 50 मिनट का होगा ।

## 5 साल गारंटी वाली सड़क 5 महीने में टूटी

- पूर्व विधायक सांसद हरीश चंद मीणा ने देवली से बोरडा गणेश जी तक कि सड़क बनवाने के लिए किए थे कथक प्रयास

**देवली** । इन दिनों शहर और आसपास के क्षेत्र मे करवाये जा रहे सरकारी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार इस कदर बढ़ गया है कि। अब शायद इस पर अंकुश लगपाना मुमकिन नहीं ना मुश्किल होता चला जा रहा है। इसलिए की यहां अभी हाल ही में करोडों की लागत से बनाई गई सड़क छह महीने में टूटकर अपने साथ हुए भ्रष्टाचार की दास्ता खुद बे खुद बयां कर रही है । देखने वाली बात तो यह है कि इस सड़क का निर्माण देवली शहर के सार्वजनिक निर्माण विभाग ने करवाया है। ऐसे यह भी जग जाहिर है कि देवली नगर पालिका के द्वारा करवाए गए निर्माण कार्य तो भ्रष्टाचार से अछूते तो नहीं है इसी बीच देवली सार्वजनिक निर्माण विभाग के द्वारा बनवाई गई । सड़क में हुए भ्रष्टाचार की पोल खुलकर सामने आ गई। ऐसे में मामला यह भी देखा जा रहा है कि। ठेकेदार और कार्य से संबंधित अधिकारी की मिली भगत से 5 साल तक की गारंटी वाली सड़क भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। वह ऐसे कि 6 महीने पहले लगभग 5 किलोमीटर तक बनाई गई इस सड़क कि गिट्टी उखड़ने के साथ साथ डामर कि सड़क फटना शुरू हो गई है । ऐसे में 5 साल की गारंटी पर बनाई गई इस सड़क का दम 5 महीने में ही टूटना शुरू हो गया है । एक तरफ तो प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान मे जीरो टॉलरेंस कि नीति को सफल बनाने में जी तोड़ प्रयास कर रहे हैं। तो वहीं दूसरी तरफ देवली शहर की नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी के कार्यों में, बढ़ता भ्रष्टाचार मुख्यमंत्री के जीरो टॉलरेंस कि उम्मीदों पर पानी फेरता चला जा रहा है। मामला यह है कि। अभी हाल ही में राज्य सरकार ने लगभग 2 करोड रुपए की लागत पर शहर से बोरडा गणेश जी तक जाने वाली 5 से 6 किलोमीटर की ठाामीण सड़क का निर्माण करवाया है । इस सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी देवली पीडब्ल्यूडी को दी गई थी। ऐसे में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की निगरानी में बनाई गई सीसी और डामर सडक बीच से फटना शुरू हो गई है।

इसी के साथ उक्त सड़क की गिट्टीया भी उखाड़ना शुरू हो गई. है। ऐसे में ग्रामीणों का मानना है कि कार्य से संबंधित अधिकारी और ठेकेदार के बीच मिली भगत से सड़क निर्माण मे घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया है। ग्रामीणों मानना है कि सांसद या विधायक को इस सड़क कार्य के निर्माण में ली गई सामठाी कि और गुणवंता की जांच करवाई जानी चाहिए। इसलिए की देवली शहर से बोरडा गांव के गणेश मंदिर तक जाने वाली लगभग 5 किलोमीटर लंबी सीसी और डामरीकरण सड़क का निर्माण पीडब्ल्यूडी के अधीन ठेकेदार ने किया था लोकार्पण के चंद दिनों बाद ही सड़क टूटना शुरू हो गई । इस पर पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता अमित मीणा का कहना है कि रोड पर पेच हो गए हैं। एक आध जगह से रोड क्रेक भी हो गया है। ठेकेदार ने एक जगह सीसी रोड पर स्लोप भी नहीं मिलाया है। यह कार्य,एल,एस,जी योजना 2023 24 के तहत करवाया गया है। यह काम नगर पालिका का होता है। लेकिन इसके टेंडर से हुए हैं। ठेकेदार से कहकर इस रोड पर पेज वर्क करवा दिया जाएगा। इसी प्रकार पीडब्ल्यूडी के कनिष्ठ अभियंता भीम सिंह गुर्जर ने कहा कि ठेकेदार ने रोड की साइडों पर जी, एस,वी कार्य नहीं किया है। ठेकेदार को लेटर दे दिए गए हैं। रोड को ठीक करवा देंगे ठेकेदार को पूरा भुगतान नहीं किया है। इस मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने कहा कि इस रोड निर्माण से देवली नगर पालिका का कोई लेना-देना नहीं राज्य सरकार ने इस कार्य को करवाने के लिए पीडब्ल्यूडी को बजट जारी किया था और पीडब्ल्यूडी नहीं इस रोड का निर्माण कराया है।

## गोलमा पर टिप्पणी करने वाले सिंगर के खिलाफ मामला दर्ज

- मेले में सिंगर ने गीत के माध्यम से पूर्व मंत्री के खिलाफ अमर्यादित भाषा का उपयोग किया था

**दौसा।** पूर्व राज्यमंत्री गोलमा देवी के समर्थकों ने दौसा कोतवाली थाना में पूर्व मंत्री गोलमा पर अमर्यादित एवं अशोभनीय गीत गाने वाले सिंगर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। इधर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है ।

उल्लेखनीय है कि 16 फरवरी को नईनाथ महादेव में मेले का आयोजन किया गया था। इस मेले में मीणा समाज के सिंगर ताराचंद ने अपने गीत के माध्यम से पूर्व मंत्री गोलमा देवी के खिलाफ अमर्यादित भाषा और अशोभनीय टिप्पणी कर दी। इस टिप्पणी के बाद गोलमा देवी एवं डॉ. किरोडीलाल मीणा के समर्थको में आक्रोश व्याप्त हो गया। साथ ही विभिन्न समाजों के पदाधिकारियों ने भी पूर्व मंत्री गोलमा देवी पर की गई अमर्यादित टिप्पणी पर तिखी प्रतिक्रिया दी है साथ ही इसे पूरी नारी जाति का अपमान माना है। इधर गोलमा देवी के समर्थक दौसा कोतवाली पहुंचे तथा कोतवाल को गायक कलाकार ताराचंद के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपी। मांदलगांव निवासी अशोक कुमार मीणा ने कोतवाल से कहा कि आरोपी के खिलाफ त्वरित और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होने बताया कि सार्वजनिक मंचों या आयोजनों में अभद्र भाषा का प्रयोग न केवल व्यक्ति विशेष का अपमान है, बल्कि पूरे समाज की गरिमा को ठेस पहुंचाता है।

भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सख्त कदम उठाना आवश्यक है। इस पर थाना प्रभारी भगवान सहाय ने आश्वस्त किया कि संबंधित थाना क्षेत्र तूंगा की पुलिस प्रकरण की तत्परता से जांच कर रही है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अशोक मांदलगांव, शिवराज मीणा, जलसिंह कोठीन, आरसी मीना छारेडा, पिंटू पापड़दा, अनिराज, सतीश, रवि रानिवास, विक्रम, पंकज मीनावाड़ा, राजेंद्र काली पहाड़ी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराया।



पूर्व राज्यमंत्री गोलमा देवी के समर्थकों ने दौसा कोतवाली थाना में पूर्व मंत्री गोलमा पर अमर्यादित एवं अशोभनीय गीत गाने वाले सिंगर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## बिना अनुमति के डीजे बजाया तो कार्रवाई निश्चित

- एसडीएम ने प्रागपुरा थानाधिकारी को दिये कार्यवाही के निर्देश
- बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों व अभिभावकों ने की थी कार्यवाही की मांग
- शादियों, उत्सवों समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौर में इन दिनों कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर बेखौफ तेज ध्वनि के डीजे बजाने से लोगों को हो रही है कार्रवाई

पावटा। उपखंड पावटा में अब बिना अनुमति के डीजे बजाने वालों की खैर नहीं। इसको लेकर उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा ने प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम को कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों व अभिभावकों ने उपखंड अधिकारी पावटा को बिना अनुमति के तेज ध्वनि में डीजे बजाने वालों पर कार्यवाही की मांग की है।

विद्यार्थियों व अभिभावकों ने बताया था कि शादियों, उत्सवों समेत धार्मिक कार्यक्रमों के दौर में इन दिनों कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में सड़कों पर बेखौफ घुम रहे तेज ध्वनि के डीजे से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों के सामने भी बड़ी समस्या खडी कर दी हैं। जिसे देखते हुए उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा ने बताया कि उपखंड पावटा में विभिन्न अवसरों पर बिना प्रशासन एवं पुलिस की पूर्व अनुमति के अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे हैं। वर्तमान में विद्यार्थियों की बोर्ड की परीक्षाएं चल रही है। जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। हालात इस कदर विकट हैं कि इन कर्कस आवाज वाले डीजे को रोकने के लिये ना कोई नियम हैं एवं ना कोई कायदा, आबादी क्षेत्र में कितन आवाज पर डीजे बजाया जायें इसका कोई मानक भी नहीं हैं। जिस पर उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा ने प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम को बिना अनुमति के अत्यधिक आवाज में डीजे बजाने वालों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए है।

## मत्स्य निदेशक ने दौसा में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कार्यों का जायजा लिया

- किसान से मछली की विभिन्न प्रजातियों के चयन, मछलियों में होने वाले रोगों के प्रबंधन और बाजार में मछली की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा की।

**दौसा** । मत्स्य विभाग की निदेशक संचिता बिश्नोई दौसा जिले के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की प्रगति का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। दौरे के तहत निदेशक ने ठाम ठिकरिया (नांगल राजावतान) में योजना के लाभार्थी किसान रामधन मीना द्वारा निर्मित मत्स्य पालन तालाब का अवलोकन किया।

उन्होंने किसान से मछली की विभिन्न प्रजातियों के चयन, मछलियों में होने वाले रोगों के प्रबंधन और बाजार में मछली की मांग को लेकर विस्तृत चर्चा की। बिश्नोई ने किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए मत्स्य पालन को आय बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बताया। निरीक्षण के उपरांत निदेशक ने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिले के अधिक से अधिक कृषकों को विभाग की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं का लाभ अंतिम छोर के किसान तक पहुंचना चाहिए ताकि नीली क्रांति के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। अपने दौरे के दौरान निदेशक ने भांकरी रोड स्थित मत्स्य विभाग के कार्यालय का भी निरीक्षण किया और वहां की कार्यप्रणाली व अभिलेखों का जायजा लिया। इस अवसर पर उप निदेशक मत्स्य (योजना) मनोज कुमार मीणा, उप-निदेशक, मत्स्य बीज डॉ. बृजेश कुमार एवं मत्स्य अधिकारी दौसा डॉ. राजपाल यादव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



मत्स्य विभाग की निदेशक संचिता बिश्नो ने दौसा जिले में संचालित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की प्रगति का निरीक्षण किया ।

## सम्मेलन में होगा 31 जोड़ों का विवाह

**राजगढ़** । उपखंड क्षेत्र के अनावडा ग्राम में आदिवासी मीणा समाज की ओर से प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन, वरदान एम्पायर कॉलोनाइजर एंड डेवलपर पांडे परिवार, श्री श्याम सेवा समिति एवं भोरंगी गौशाला की ओर से सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन भो रंगी गौशाला में आयोजित किया जाएगा। आदिवासी मीणा समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में 19 एवं सर्वजातीय विवाह सम्मेलन में 12 जोड़ों का विवाह होगा।फुलेरा दूज पर आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों को लेकर आयोजन से जुड़े लोगों में खुशी का आलम है। आदिवासी मीणा समाज की ओर से आयोजित प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन से जुड़े विवाह समिति के संयोजक सेवानिवृत्ति इंजीनियर आर जी मीणा ने बताया कि इस कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आदिवासी बहुल क्षेत्र में प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समाज के लोगों में उत्साह का आलम है। इसमें अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों के शिरकत करने की संभावना है। दूसरी और राजगढ के भोरंगी गौशाला में राजगढ़ निवासी जयपुर में कार्यरत तरुण पांडे परिवार की ओर से सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का गौशाला में आयोजन किया जा रहा है।

## सार-समाचार

### 'समय-समय पर मॉक ड्रिल करें'

**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को उद्योगों में सुरक्षा संबंधी समिक्षा बैठक एनआईए (एसोसिएशन भवन) निमराना के सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई और अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधि एवं औद्योगिक एसोसिएशन के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों के सुरक्षा मानकों को बनाए रखें जिससे कि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। रीको द्वारा आवंटित भूखंड पर वो ही गतिविधि की जाए जो आवंटन पत्र में निर्दिष्ट हो, यदि गतिविधि में परिवर्तन हो तो नियमानुसार परिवर्तन करवाए, भूखंड मालिक द्वारा यदि भूखंड किराए पर दिया जाता है तो नियमानुसार रिको में सूचना दी जाए ताकि उस भूखंड पर अवैध गतिविधियां न हो। जिला पुलिसअधीक्षक देवेंद्र कुमार द्वारा इकाइयों को लेबर वेरिफिकेशन के लिए राजकॉप ऐप और सिटीजन ऐप के बारे में जानकारी दी गई। एडीएम ओमप्रकाश सहारण द्वारा औद्योगिक इकाइयों के लिए आवश्यक अग्निशमन उपकरण, फोम, अलार्म सिस्टम, पॉवर बैक अप, स्मोक डिटेक्टर जैसे सुरक्षा मानकों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। बैठक में सुरेश खींची अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना, भंवर लाल सैनी महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, राहुल भट्ट इकाई प्रमुख नीमराना, मनोज त्यागी इकाई प्रमुख घिलोठ, राजकुमार सेहरा क्षेत्रीय अधिकारी राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल नीमराना सहित कृष्ण गोपाल कौशिक नीमराना औद्योगिक संघ अध्यक्ष, अंशुन यादव केशवाना औद्योगिक संघ, जयप्रकाश , सोतानाला औद्योगिक संघ एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी और औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### 3 एलपीजी सिलेंडर सहित सामग्री जब्त

**भरतपुर** (निस)। जिले में अवैध गैस रिफिलिंग एवं घरेलू गैस के अवैध भण्डारण के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को जांच दल द्वारा कार्रवाई की गई। जिला रसद अधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि जांच के दौरान डीग रोड स्थित एक ऑयल मिल पर घरेलू एलपीजी गैस को विद्युत मोटर की सहायता से अवैध रूप से कार में रिफिलिंग करते हुए पाया गया। मौके से 3 घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, एक गैस रिफिलिंग विद्युत मोटर एवं एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा बरामद किया गया। जब्त सामग्री को आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कब्जे में लेकर संबंधित गैस एजेंसी की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग अवैध रिफिलिंग कार्य में किया जा रहा था तथा इस कार्य के लिए कोई वैध अनुज्ञापन अथवा दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे। जिस वाहन में रिफिलिंग की जा रही थी, उसे भी मौके से जब्त कर पुलिस थाने में अभिरक्षा हेतु भेजा गया। मामले में ऑयल मिल के मालिक के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग, अवैध रिफिलिंग, अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना एवं एलपीजी आपूर्ति प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 16 फरवरी 2026 से 27 फरवरी 2026 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला रसद विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अवैध गैस रिफिलिंग जैसी गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

### हादसे में दो की मौत व तीन घायल

**टोंक।** सदर थाना क्षेत्र के गोल डूंगरी में बुधवार शाम को शादी में डांस करते समय 4 बच्चों सहित पांच लोगों को पिकअप ने कुचल दिया। हादसे में 2 बच्चों की मौत एवं 2 बच्ची व एक महिला घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, हादसे में कुलदीप पुत्र रामकिशोर उम्र 8 साल, दिलखुश पुत्र पप्पू उम्र 10 साल की मौत हो गई तथा अंता, ऊषा और नेहा गंभीर रूप से घायल हो गई, घायलों का सआदत अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद लोगों ने शव और घायलों को खींचकर पिकअप के नीचे से बाहर निकाला तथा आक्रोशित परिजनों ने पिकअप ड्राइवर की पिटाई कर दी। थाना प्रभारी जयमल सिंह ने बताया कि गोल डूंगरी इलाके में शादी समारोह के दौरान डीजे बज रहा था, जहां बच्चे, महिलाएं और पुरुष डांस कर रहे थे। इस दौरान डीजे की पिकअप चला रहे ड्राइवर ने आगे लेने की बजाय बैक कर लिया। जिससे यह घटना हो गई, बाद में परिजनों ने पिकअप ड्राइवर को पीटने लगे। इस दौरान पीछे से बच्चों की रोने की आवाजें आ रही थीं। वही वायरल वीडियो में परिजन बच्चे को गाड़ी के नीचे से निकालते हुए नजर आ रहे हैं जबकि ग्रामीण पिकअप चला रहे युवक को ड्राइवर सीट से बाहर निकालते नजर आ रहे हैं। सआदत अस्पताल की मॉर्च्युरी में दोनो बच्चों के शव रखवाए गए हैं। ऐसे में शादी का माहौल मातम में बदल गया। वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि डीजे वाले ने आगे ले जाने के बजाय डीजे को पीछे ले जाने से यह घटना हुई है। जिसमें चालक की गलती बतायी जा रही है।

### नंदीकेश्वर मेले की परंपरा 1100 साल बाद भी सांभर में कायम

**सांभरझील,** (निसं)। सांभर प्राचीन नगरी में कई शताब्दियों से नंदीकेश्वर की सवारी प्रमुख धार्मिक आस्था का केंद्र है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा गोगराज के समय से नंदीकेश्वर की सवारी निकाली जाने की परंपरा चली आ रही है। लगभग 1100 साल बीत जाने के बाद इस परंपरा को पूरे धूमधाम व उत्साह के साथ सांभर की धरा पर धूलंडी के रोज निभाया जाता है। आज भी बदस्तूर जारी है। नंदीकेश्वर की सवारी होली के दूसरे रोज धूलंडी पर भगवान सूर्य देव मंदिर के सामने स्थित स्थल से विधिवत पूजा अर्चना के बाद दोपहर को रवाना होती है। भगवान शिव के प्रतीक के रूप में नंदीकेश्वर की सवारी का लोग दर्शन करते हैं, बल्कि चरण स्पर्श कर उनसे अपने परिवार की कामना भी करते हैं। धूलंडी से पहले नगर पालिका चौक तक नंदीकेश्वर की सवारी को परंपरागत तरीके से निकाला जाता है, इसके बाद से ही यहां अनेक तरह के धार्मिक आयोजनों का दौर भी शुरू हो जाता है। करीब 15 दिनों तक लगातार इस उत्सव को मनाने के लिए सांभर के अनेक गली मोहल्ले में ढोल और चंग की थाप पर परंपरागत लावणिया गाई जाती है। बच्चे और युवा यहां तक की बुजुर्ग भी ढोल और चंग की थाप पर नाचने गाने से गुरेज नहीं करते हैं। धूलंडी के दिन रंगों से होली खेलने के बाद लोग स्नान करते हैं और उसके बाद दोपहर को नंदीकेश्वर की सवारी में शरीक होकर पुष्प और गुलाल की होली से धूमधाम के साथ गले मिल जयकारे के साथ भगवान शिव का उद्घोष भी करते हैं। नंदीकेश्वर की सवारी का रूप धारण करने वाले भगवान शिव के भक्त और नंदीकेश्वर मेला कमेटी के तमाम लोगों की तरफ से इससे पहले महाभारत काल के समय से स्थापित देवयानी सरोवर स्थित भगवान जागेश्वर दरबार में शिवलिंग की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त करते हैं और नगर की खुशी और तरक्की के लिए भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं। नंदीकेश्वर की सवारी का सबसे भव्य आयोजन पुरानी धान मंडी स्थित रामलीला रंगमंच के पास विशाल मंच लगाकर हजारों की संख्या में लोग नंदीकेश्वर के नृत्य और शिव की भावपूर्ण मुद्रा को देखने के लिए लालायित रहते हैं। नंदीकेश्वर की सवारी का सबसे रोचक पहलू यहां की लंबी गली से निकलने के दौरान होता है ।

### कॉर्टिकल इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न

**दौसा।** विश्वास स्माइल एंड स्पाइन सेंटर में एक उन्नत एवं अत्याधुनिक कॉर्टिकल इम्प्लांट सर्जरी सफलतापूर्वक संपन्न की गई। यह सर्जरी डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. कनक पारीक एवं डॉ. आयुष की विशेषज्ञ टीम द्वारा की गई। इस विशेष प्रक्रिया में मरीज के जबड़े में 4 कॉर्टिकल इम्प्लांट लगाए गए और मात्र 72 घंटे (3 दिन) के भीतर स्थायी दांत प्रदान कर दिए गए। इस तकनीक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि मरीज को लंबा इंतजार नहीं करना पड़ता और वह सिर्फ 3 दिनों में सामान्य रूप से चबाना शुरू कर सकता है। संभावित रूप से यह दौसा जिले में अपनी तरह की पहली सर्जरी है, जिसमें इम्प्लांट के तुरंत बाद 72 घंटे के भीतर फिक्स्ड दांत दिए गए हैं। यह उपलब्धि क्षेत्र में दंत चिकित्सा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डॉ. विश्वास शर्मा ने बताया कि कॉर्टिकल इम्प्लांट तकनीक विशेष रूप से उन मरीजों के लिए लाभकारी है जिनकी हड्डी पतली या कमजोर होती है, क्योंकि इसमें इम्प्लांट को मजबूत कॉर्टिकल बोन में फिक्स किया जाता है, जिससे तुरंत लोडिंग संभव हो पाती है।